Fixation of price for Metronidazole

2493. SHRI H. HANUMANTHAPPA :
SHRI RAJNI RANJAN SAHU :
SHRI ANANT RAM JAISWAL :

Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that price fixed for Metronidazole by altering BICP recommendations is exhorbitant;

(b) if so, what was the recommendation and what price was fixed;

(c) when did the validity of the BICP, recommended price expire and whether any fresh study was conducted, if so, where and the price recommended;

(d) whether it is also fact the producer was deliberately allowed to charge much more than the price which was due to him; and

(e) what steps have been taken to enquire into the whole matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (e) No, Sir. The BICP had conducted ost-cum-technical study in November, 1990 in respect of bulk drugs Metronidazole and Metronidazole Benzoate and had recommended a price of Rs. 436/kg and Rs. 457/kg respectively. The prices of bulk drugs Metronidazole and Metronidazole Banzoate were fixed as Rs. 428/kg and Rs. 380/kg respectively. The validity period of the cost-cum-technical study conducted by BICP expired on 31st March, 1993 and the BICP has already initiated fresh cost-cum-technical study of these bulk drugs.

उर्वरकों की भारी कमी के कारण

2494. श्री नागमणि : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में उर्वरकों की कमी के क्या कारण हैं ;

(ख) देश में उर्वरकों के मूल्यों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके मूल्य क्या हैं ;

(ग) क्या आगामी वर्ष के लिए देश में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की आवश्यकता का पता लगाया गया है, और

(घ) आयात-शुल्क घटाकर कम से कम मूल्य पर उर्वरकों का अंतरराष्ट्रीय बाजार से आयात करके इसकी मांग को पूरा करने हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) : (क) यूरिया की उपलब्धता, जो कि मूल्य और संचलन नियंत्रण के अन्तर्गत है, कुल मिलाकर संतोषजनक है। मांग की पद्धति में परिवर्तनों, वर्तमान रबी मौसम के लिए कम अथपोष भण्डार, कुछ एककों में उत्पादन में कटौती और संचलन बाधाओं के कारण से कुछ राज्यों में यूरिया की अस्थायी और स्थानीकृत कमी हुई है। मुख्य अनियंत्रित उर्वरकों अर्थात डाई-अमोनियम फासफेट और मूरीऐट आफ पोटाश (एम ओ पी) की कोई कमी नहीं है।

(ख) 1-4-94 से 31-10-94 की अवधि के दौरान पहुंचे आयातित यूरिया का भारित औसत सी एण्ड एफ मूल्य लगभग 4668 रु. प्रति टन बैठता है जबकि 31-3-94 को धारित औसत प्रतिधारण मूल्य 4888 रु. प्रति टन था। डी ए पी और एम ओ पी, जो कि अनियंत्रित और असरणीबद्ध कर दिये गये हैं, के सम्बन्ध में मूल्य सूचना सरकार द्वारा नहीं रखी जाती है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) देश में सामान्यतः आयात किये जाने वाले उर्वरकों पर कोई आयात शुल्क नहीं है।

औषध नियंत्रण विभाग में रिक्त पद

2495. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री अनन्तराम जायसवाल :

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि औषध नियंत्रण विभाग में गत कई वर्षों से अनेक वरिष्ठ तथा महत्वपूर्ण पद रिक्त पड़े हैं जिसके